## राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर
## प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण–पत्र परीक्षा 2016–17
### कक्षा–8 विषय–हिन्दी

### 1. विषयवस्तु के आधार पर अंकभार

| क्र. सं. | अधिगम क्षेत्र / कौशल | विषयवस्तु | अंकभार | प्रश्नों के प्रकार | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | बहुचयनात्मक | अतिलघूत्तरात्मक | लघूत्तरात्मक | निबंधात्मक | योग |
| 1 | पढ़कर समझना और समझकर लिखना | गद्य पाठ | 22 | 2 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| | | पद्य पाठ | 22 | 2 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | व्यावहारिक व्याकरण | संज्ञा,सर्वनाम, विशेषण, क्रिया,उपसर्ग, प्रत्यय, वचन, पर्यायवाची, मुहावरे, | 14 | 2 | 4 | 1 | – | 7 |
| 3 | सृजनात्मक अभिव्यक्ति | संवाद, कहानी, पत्र, निबंध लेखन | 14 | – | – | – | 2 | 2 |
| 4 | परिवेशीय सजगता | सड़क सुरक्षा एवं परिवेश | 8 | – | – | 2 | – | 2 |
| योग | | | 80 | 6 | 10 | 7 | 4 | 27 |

### 2. उद्देश्य के आधार पर अंकभार

| क्र.सं. | उद्देश्य | प्रश्नों की संख्या | अंकभार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जानकारी / स्मरण करना | 5 | 6 | 7.50% |
| 2 | समझना | 6 | 20 | 25.00% |
| 3 | अनुप्रयोग करना | 6 | 16 | 20.00% |
| 4 | विश्लेषण करना | 4 | 8 | 10.00% |
| 5 | मूल्यांकित करना | 4 | 16 | 20.00% |
| 6 | सृजनात्मक एवं परिवेशीय सजगता | 2 | 14 | 17.50% |
| योग | | 27 | 80 | 100.00% |

### 3. प्रश्नों के प्रकारवार अंकभार

| क्र.सं. | उद्देश्य | प्रश्नों की संख्या | अंकभार | योग अंक | सम्भावित समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बहुचयनात्मक | 6 | 1 | 6 | 5 मिनट |
| 2 | अतिलघूत्तरात्मक | 10 | 2 | 20 | 20 मिनट |
| 3 | लघूत्तरात्मक | 7 | 4 | 28 | 55 मिनट |
| 4 | निबंधात्मक | 4 | 6×3, 1×8 | 26 | 60 मिनट |
| 5 | परीक्षा सम्बधित अन्य कार्य | | | | 10 मिनट |

www.rajteachers.com

**विषय – हिंदी** **नील पत्र** **कक्षा :–8**

| क्र.सं. | उद्देश्य | | | जानकारी/स्मरण करना | | | | समझना | | | | अनुप्रयोग करना | | | | विश्लेषण करना | | | | मूल्यांकित करना | | | | सृजन करना | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | विषयवस्तु | | अंक भार | OT | VSA | SA | ET | OT | VSA | SA | ET | OT | VSA | SA | ET | OT | VSA | SA | ET | OT | VSA | SA | ET | OT | VSA | SA | ET | |
| 1 | पढ़कर समझना और समझकर लिखना | 1. गद्य पाठ | 22 | 1(1) | 2(1) | | | | 2(1) | | 6(1) | | 2(1) | 4(1) | | 1(1) | | | | | | 4(1) | | | | | | 22(8) |
| | | 2. पद्य पाठ | 22 | 2(2) | | | | | 6(3) | | 6(1) | | | | | | | | | | | 8(2) | | | | | | 22(8) |
| 2 | व्यावहारिक व्याकरण | (संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया,विशेषण, पर्यायवाची, विलोम,लिंग, वचन,कारक,उपसर्ग, प्रत्यय, मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ | 14 | 1(1) | | | | | | | | | 6(3) | | | 1(1) | 2(1) | 4(1) | | | | | | | | | | 14(7) |
| 3 | परिवेशीय सजगता | (सड़क सुरक्षा एवं परिवेश संबंधी) | 8 | | | | | | | | | | | 4(1) | | | | | | | | 4(1) | | | | | | 8(2) |
| 4 | सृजनात्मक अभिव्यक्ति | रचना कार्य (कहानी, निबन्ध,प्रार्थना पत्र, संवाद) | 14 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 6(1) 8(1) | 14(2) |
| 5. | योग | | | 4(4) | 2(1) | | | | 8(4) | | 12(2) | | 8(4) | 8(2) | | 2(2) | 2(1) | 4(1) | | | | 16(4) | | | | | 14(2) | |
| | कुल योग | | 80 | 6(5) | | | | 20(6) | | | | 16(6) | | | | 8(4) | | | | 16(4) | | | | 14(2) | | | | 80(27) |

नोटः– कोष्ठक में प्रश्न संख्या एवं बाहर अंक–भार है।
सड़क सुरक्षा शिक्षा सम्बन्धित प्रश्न परिवेशीय सजगता के रूप में निहित है।

www.rajteachers.com

# राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर

## प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण–पत्र परीक्षा 2016–17

## नमूना प्रश्न–पत्र

कक्षा – 8

**विषय – हिंदी**

**समय– 2:30 घंटे** | **पूर्णांक– 80 अंक**

---

**परीक्षार्थी हेतु सामान्य निर्देश :–**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने नामांक, दिनांक आदि की पूर्तियाँ करें।
2. प्रत्येक प्रश्न हिन्दी विषय के लिये निर्धारित अधिगम क्षेत्र के अनुसार हैं।
3. **सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।**
4. **जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ लिखें।**
5. **सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं।**

| नामांक | | | | | | | दिनांक | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

**निर्देश– सही उत्तर का क्रमाक्षर कोष्ठक में लिखिए।**

1. शुद्ध वर्तनी का शब्द है–
(अ) आशिस (ब) आशीष
(स) आशिष (द) आसिश ( ) 1

2. 'यश' शब्द का विलोम शब्द है–
(अ) सम्मान (ब) अपयश
(स) अपमान (द) बुद्धिमान ( ) 1

3. "समर्पण" कविता के रचयिता हैं–
(अ) हरिशंकर परसाई (ब) निराला
(स) रामावतार त्यागी (द) सुमित्रानन्दन पंत ( ) 1

4. ''कुंडलियाँ छंद'' पाठ में 'पाछै' शब्द का अर्थ है–
(अ) पीछा करना (ब) पिछवाड़े रहना
(स) बाद में (द) वापस करना ( ) 1

5. जैसलमेर पर आक्रमण किया था–
(अ) अकबर (ब) बाबर
(स) औरंगजेब (द) अलाउद्दीन ( ) 1

6. गाँव के मुखिया सजनसिंह पुरुष थे–
(अ) कठोर (ब) सज्जन
(स) धनवान (द) अक्खड़ ( ) 1

**अति लघूत्तरात्मक प्रश्न**

7. महाराणा प्रताप ने अपना सर्वस्व न्योछावर क्यों किया? 2
8. हम बिजली और पानी को कैसे बचा सकते हैं? 2
9. सुभाषचन्द्र बोस को बन्दी क्यों बनाया गया? 2

www.rajteachers.com

10. वर्षा कम होने के कोई दो कारण लिखिए। 2

11. बिना सोचे समझे कार्य करने पर क्या परिणाम होता है? 2

12. क्षमा किसे शोभायमान है? 2

13. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए— 2
नौ दो ग्यारह होना, लाल पीला होना

14. निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग छाँटकर लिखिए— 2
प्रतिदिन, विजय, सुमार्ग, आहार

15. समाज में इक प्रत्यय जोड़ने पर सामाजिक बना। इसी प्रकार इक प्रत्यय जोड़कर चार नये शब्द बनाइये। 2

16. दी गई क्रियाओं से वाक्य निर्माण कीजिए— 2
खाना, बोलना

**लघूत्तरात्मक प्रश्न**

17. निम्नलिखित शब्दों के समक्ष लिखे शब्दों में से पर्यायवाची शब्दों को छाँटकर लिखिए— 4
जल – नीर, तीर, वीर, चीर
पंकज – जलद, बिजली, कमल, तालाब
घन – मन, बादल, वर्षा, वायु
धरती – आकाश, पाताल, धरा, पवन

18. आपके पड़ौस में बाल–विवाह हो रहा है। आप उसे रोकने के लिए उन्हें किस प्रकार समझायेंगे? 4

19. ''जीप पर सवार इल्लियाँ'' पाठ के आधार पर अधिकारी द्वारा किए गए पर्यवेक्षण पर अपना मत दीजिए। 4

20. ''बसो मेरे नैनन में नन्दलाल'' पंक्ति के आधार पर बताइये कि मीरा की जगह आप होते तो कृष्ण के सौन्दर्य की किन विशेषताओं को अपनी आँखों में बसाना चाहेंगे? 4

21. 'चिड़िया की उड़ान के सिद्धांत' से ख्यातिप्राप्त भौतिक शास्त्री बनने का सफर कलाम साहब ने किस प्रकार तय किया? 4

22. यातायात के नियमों का पालन करना क्यों आवश्यक है ? 4

23. ''वह मातृभूमि का रखवाला आन–बान पर मिटने वाला'' के आधार पर महाराणा प्रताप के बारे में अपने विचार लिखिए। 4

24. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए— 2+4=6

(1) बसो मेरे नैनन में नंदलाल।
मोर–मुकुट मकराकृत कुंडल, अरुन तिलक सोहे भाल।
मोहनि मूरति, साँवरि सूरति, नैना बने बिसाल।
अधर–सुधा–रस मुरली राजति, उर बैजंती माल।
छुद्र घंटिका कटि–तट सोभित, नुपूर सबद रसाल।
"मीरा" प्रभु संतन सुखदाई, भगत बछल गोपाल।।

अथवा

(2) कैसे बिहाल, बिवाइन सौं भये, कंटक जाल गड़े पग जोये।
हाय महा दुःख पायो सखा तुम, आये इतै न कितै दिन खोये।
देखि सुदामा की दीन दसा, करुणा करिके करुणानिधि रोये।
पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सौं पग धोये।।

25. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 1+2+2+1=6
भारतीय जन जीवन में गाय का अपना विशेष महत्त्व है। गाय चौपाया प्राणी है और उसे माँ के बराबर आदर दिया गया है। यह हमारी पारिवारिक व कृषि संस्कृति की आधार रही है। गाय को गोधन कहा है। पौराणिक काल में जिसके पास जितनी अधिक गायें, वह उतना ही धनी माना जाता था। अतएव गायों की सुरक्षा को एक मानवीय कर्तव्य के रूप में परिभाषित किया गया है। गाय को वेदों में रक्षणीय, सुरक्षा के योग्य, इसी अर्थ में स्वीकारा गया है कि वे सर्वोपरि धन हैं। गायों के जाये बैलों ने कृषि कार्य में इतना सहयोग किया कि वे गायों के साथ ही पूजा के योग्य भी माने गये।

www.rajteachers.com

प्रश्न 1. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 1

प्रश्न 2. गायों की सुरक्षा को मानवीय कर्तव्य क्यों माना जाता है? 2

प्रश्न 3 बैलों को पूजा के योग्य मानने का क्या कारण है? 2

प्रश्न 4 पौराणिक काल का अर्थ बताइए। 1

26. अपने मित्र को एक पत्र लिखिए जिसमें आपके विद्यालय में आयोजित जन्माष्टमी पर्व का वर्णन हो। 6

अथवा

आप भीलवाड़ा निवासी महेश हैं। अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य महोदय को शुद्ध पेयजल व्यवस्था करवाने के लिए प्रार्थना–पत्र लिखिए।

27. निम्नांकित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबन्ध लिखिए– 8

(1) आदर्श विद्यालय

(2) वायु प्रदूषण

(3) मेरा प्रिय खेल

(4) स्वच्छता का जीवन में महत्त्व

www.rajteachers.com